## तेज आंधी बनी काल
# पूर्व मंडी अध्यक्ष के इकलौते पुत्र की दर्दनाक मौत

### क्षेत्र में शोक की लहर



**नवभारत न्यूज**
**गोहद/भिण्ड, 29 मई।** गुरुवार रात आई तेज आंधी और बारिश ने एक परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। गोहद कृषि उपज मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष दुर्ग सिंह तोमर के इकलौते पुत्र जितेंद्र सिंह उर्फ डब्बू तोमर की मकान की छत गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई और बड़ी संख्या में लोग पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार गुरुवार रात करीब 10:30 बजे तेज आंधी और बारिश के दौरान अचानक मकान की दूसरी मंजिल की बाउंड्री और छत का हिस्सा भरभरा कर गिर पड़ा, हादसे के समय जितेंद्र सिंह कमरे में मौजूद थे। भारी मलबा और छत की पटियां उनके ऊपर गिरने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद लेकर पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उन्हें ग्वालियर रैफर कर दिया। बताया जा रहा है कि ग्वालियर ले जाते समय मालनपुर के पास रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखा गया जहां शुक्रवार सुबह बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जितेंद्र सिंह अपने पीछे एक पुत्र और पांच पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। इनमें से तीन पुत्रियों का विवाह हो चुका है। क्षेत्र में वे मिलनसार, सरल और सामाजिक स्वभाव के व्यक्ति के रूप में पहचाने जाते थे। उनकी असमय मृत्यु से गांव सहित पूरे इलाके में गहरा दु:ख व्याप्त है।

पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिंह तोमर सहित कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए इसे अत्यंत दुखद बताया। लोगों का कहना है कि तेज आंधी और जर्जर भवनों के कारण क्षेत्र में लगातार खतरा बढ़ता जा रहा है।

#### किसान परिवार पर भी टूटा दुखों का पहाड़

तेज आंधी ने अन्य ग्रामीणों को भी भारी नुकसान पहुंचाया। सर्वा गांव में जनक सिंह कुशवाह के घर की दीवार गिरने से उनकी भैंस की मौत हो गई। घटना से किसान परिवार को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। ग्रामीणों ने प्रशासन से सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### तेज आंधी, तूफान और बारिश से भिंड में भारी तबाही, महिला सहित तीन की मौत

नौतपा के दौरान भिंड जिले में मौसम ने भयावह रूप धारण कर लिया। तेज आंधी, तूफान और बारिश के चलते जिले के कई क्षेत्रों में भारी तबाही मच गई। अलग-अलग घटनाओं में एक महिला सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। प्राकृतिक आपदा में पशुओं को भी भारी नुकसान पहुंचा है। कई इलाकों में पेड़, बिजली लाइनें और मकानों के हिस्से गिरने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया तथा लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

**आकाशीय बिजली गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत:** देहात थाना क्षेत्र के सदारीपुरा एवं चरथर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में चार बकरियां भी बिजली की चपेट में आकर मर गईं। घटना के बाद गांव में शोक और भय का माहौल है। सूचना मिलने पर प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया।

**तूफान में तबेला ढहा, भैंस की मौत:** गोहद क्षेत्र के सर्वा गांव में तेज आंधी और तूफान के कारण एक तबेले की दीवार भरभराकर गिर गई। हादसे में एक भैंस की मौत हो गई, जबकि दो अन्य भैंसें गंभीर रूप से घायल हो गईं। ग्रामीणों के अनुसार तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ और कच्चे निर्माण क्षतिग्रस्त हुए हैं।

# ऊर्जा मंत्री ने किया 132 केवी सबस्टेशन का किया औचक निरीक्षण




**नवभारत न्यूज**
**भिंड, 29 मई।** मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भिंड जिले के आईटीआई रोड स्थित मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के 132 केवी सबस्टेशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सबस्टेशन की कार्यप्रणाली, वर्तमान लोड की स्थिति, कंट्रोल रूम के पैनल, बैटरी सेट एवं स्विच यार्ड में स्थापित उपकरणों का बारीकी से अवलोकन कर अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। साथ ही विद्युत व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ट्रिपिंग रजिस्टर की जांच कर अधिकारियों को दिए निर्देश: ऊर्जा मंत्री तोमर ने मई माह एवं पूर्व में हुई ट्रिपिंग से संबंधित एंट्री रजिस्टर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत अवरोध के कारणों को गंभीरता से समझकर उनका स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बिजली बाधित होने की स्थिति में उपभोक्ताओं को तत्काल सही जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत अवरोध के कारणों से संबंधित वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, ट्विटर एवं इंस्टाग्राम पर अपलोड किए जाएं तथा उन्हें, स्थानीय विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष को टैग किया जाए, जिससे आमजन को पारदर्शी तरीके से जानकारी मिल सके।

**आंधी से क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन का लिया जायजा:** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने 28 मई की रात्रि तेज आंधी के कारण आईटीआई रोड पर पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हुई विद्युत केबल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षतिग्रस्त केबल को शीघ्र बदलकर विद्युत लाइन को तत्काल चालू किया जाए, ताकि आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**गर्मी में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए सतर्क रहने के निर्देश:** ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भीषण गर्मी के मौसम में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह सुचारू एवं निर्बाध बनाए रखने के लिए तत्परता से कार्य करें। उन्होंने आगामी दो दिनों तक अतिरिक्त टीम तैनात करने के निर्देश भी दिए, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सुधार कार्य किया जा सके।

**जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी रहे उपस्थित:** इस अवसर पर विधायक भिंड नरेन्द्र सिंह कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया, मुख्य महाप्रबंधक म.प्र. विद्युत मण्डल ग्वालियर संभाग, महाप्रबंधक भिंड सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## वार्ड 19 में सफाई व्यवस्था ठप, नालियां चोक होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**भिंड, 29 मई।** शहर के वार्ड क्रमांक 19 माधौगंज हाट स्थित पुरानी बस्ती में सरकारी स्कूल के पीछे वाली गली में पिछले करीब दो माह से सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से सफाई कर्मचारी नहीं पहुंच रहे हैं, जिसके चलते नालियां पूरी तरह चोक हो गई हैं और गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो गया है।



सड़क पर फैले गंदे पानी से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बदबू और मच्छरों के कारण बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि कई बार संबंधित अधिकारियों और नगर पालिका को समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नालियों की सफाई कराई जाए और नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके।

**इनका कहना है:** शहर के वार्ड क्रमांक 19 माधौगंज हाट स्थित पुरानी बस्ती में सरकारी स्कूल के पीछे वाली गली में अगर सफाई कर्मचारी नहीं पहुंच रहे है, तो हम जानकारी करके नियमित सफाई करवाएंगे। **यशवंत वर्मा,** सीएमओ, नपा भिंड

# कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन की समीक्षा

## पेयजल व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश



**भिंड, 29 मई।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर सभागार में किया गया। बैठक में जिले में संचालित नल-जल योजनाओं एवं सीएम हेल्पलाइन की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर मीणा ने जल जीवन मिशन के तहत एफएचटीसी (फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन) की प्रगति को तेजी से बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जो नल-जल योजनाएं वर्तमान में चालू स्थिति में हैं, उन्हें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिंड के समन्वय से हस्तांतरित कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जो नल-जल योजनाएं अपूर्ण या बंद पड़ी हैं, उनके लिए जिम्मेदार ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने हेतु पत्र जारी कर निविदा नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के प्रति सख्त रुख अपनाने के निर्देश दिए।

बैठक में यह भी सामने आया कि कई नल-जल योजनाएं बिजली व्यवस्था बाधित होने के कारण बंद पड़ी हैं उसे तीन दिवस के भीतर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि पेयजल आपूर्ति प्रभावित न हो।

कलेक्टर मीणा ने कहा कि ग्रीष्मकाल को देखते हुए जिले के सभी ग्रामों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाना प्राथमिकता होनी चाहिए। पेयजल समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु प्रतिदिन सुबह 10 बजे बैठक आयोजित कर यथास्थिति की जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का प्रतिदिन अधिक से अधिक संख्या में संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, सहायक यंत्री, उपयंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री (मैकेनिकल), जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयक, पीएमयू स्टाफ तथा बिजली विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## भगवान शिव ने दिया विवेक और धैर्य का संदेश : स्वामी आशीषानंद महाराज

**भिंड, 29 मई।** शहर के वार्ड क्रमांक 29 स्थित बैरागपुरा कंकाली माता मंदिर पर आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास परम पूज्य स्वामी आशीषानंद महाराज ने माता सती एवं भगवान शिव के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरा पांडाल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा।



कथा व्यास स्वामी आशीषानंद महाराज ने कहा कि जब माता सती भगवान श्रीराम की परीक्षा लेने जा रही थीं, तब भगवान शिव ने उन्हें पहले ही सावधान किया था। भोलेनाथ ने माता सती से कहा था तुम परीक्षा लेने तो जा रही हो, लेकिन अपने साथ विवेक अवश्य रखना। कथा के दौरान महाराज जी ने समझाया कि माता सती का प्रसंग केवल धार्मिक कथा नहीं, बल्कि मानव जीवन के लिए गहन प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि अहंकार और संदेह व्यक्ति को भ्रमित कर देते हैं, जबकि विवेक उसे सही मार्ग दिखाता है। भगवान शिव ने माता सती को यही शिक्षा दी थी कि सत्य को समझने के लिए श्रद्धा और विवेक दोनों आवश्यक हैं। श्रीराम कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के उद्घोष लगाए। भजनों और संगीतमय प्रस्तुति से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कथा के बीच-बीच में श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भक्ति रस में झूमते नजर आए।

# प्राकृतिक आपदा : जनहानि और नुकसान पर मुआवजा, राहत देने की मांग

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष पीड़ित परिवार से मिले



**नवभारत न्यूज**
**भिंड, 29 मई।** जिले में गुरुवार को आई भीषण आंधी, तूफान एवं बारिश से हुई जनहानि और भारी आर्थिक नुकसान की घटनाओं पर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण कई परिवारों का जीवन संकट में आ गया है तथा अनेक लोगों ने अपने परिजनों, आशियाने एवं पशुधन को खो दिया है।

**कनाथर में आगजनी की घटना को बताया हृदय विदारक:** रामशेष बघेल ने बताया कि मेहगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कनाथर के राठौर मोहल्ला में हुई भीषण आगजनी की घटना अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक है। इस हादसे में कई परिवारों के मकान, गृहस्थी का सामान एवं वर्षों की मेहनत पलभर में जलकर राख हो गई। उन्होंने शासन एवं प्रशासन से मांग की कि तत्काल निष्पक्ष सर्वे कराकर प्रभावित परिवारों को उचित मुआवजा, राहत सामग्री एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

**मानगढ़ में मकान गिरने से 45 पशुओं की मौत:** उन्होंने बताया कि मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मानगढ़ में आई तेज आंधी, तूफान एवं बारिश के कारण मंगल सिंह बघेल एवं नरपत सिंह बघेल के मकान गिर गए, जिससे लगभग 45 भेड़-बकरियों की दबकर मौत हो गई, जबकि 10 से अधिक पशु घायल हो गए। हादसे में श्रीमती आशा बघेल एवं रामप्रकाश बघेल घायल हुए हैं। रामशेष बघेल ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना।

इस दौरान रौन तहसीलदार एवं थाना प्रभारी रौन भी उपस्थित रहे। उन्होंने अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र मुआवजा एवं हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग की।

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**भिंड, 29 मई।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत जिले के समस्त संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन पर जाने की चेतावनी दी है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएस यादव को ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों की समस्याओं एवं मांगों से अवगत कराया।

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने ज्ञापन में बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत प्रदेश के लगभग 32 हजार कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू संचालन एवं क्रियान्वयन में निष्ठापूर्वक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कर्मचारियों के अथक प्रयासों के कारण ही मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, लेकिन इसके बावजूद कर्मचारियों के हितों की लगातार अनदेखी की जा रही है।

संघ ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा 30 जनवरी 2026 को दशहरा मैदान टीटी नगर में आयोजित अभिनंदन कार्यक्रम में कर्मचारियों की मांगों पर सहमति व्यक्त की गई थी, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे प्रदेशभर के संविदा कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ म.प्र. की कार्य समिति के निर्णय अनुसार प्रदेश के 32 हजार कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन पर जाने को मजबूर हैं।


संघ द्वारा ज्ञापन में प्रमुख मांगें इस प्रकार रखी गईं। जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के सभी संविदा कर्मचारियों को मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार नियमितीकरण का लाभ दिया जाए। सामान्य प्रशासन विभाग की 2023 नीति के अनुसार एनपीएस एवं स्वास्थ्य बीमा का लाभ प्रदान किया जाए। अन्य राज्यों की भांति 10 प्रतिशत वार्षिक वेतनवृद्धि दी जाए। नियमित कर्मचारियों की तरह महंगाई भत्ता प्रदान किया जाए। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के वेतन में पीबीआई समायोजित किया जाए। शासन द्वारा निर्धारित समकक्षता (वेतन विसंगति) में सुधार किया जाए। संविदा कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की तरह अवकाश सुविधा प्रदान की जाए। समान कार्य के बदले समान वेतन एवं सुविधाएं मिलने तक सार्थक एप बंद किया जाए।

संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने स्पष्ट किया कि यदि मांगों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया तो जिले के समस्त कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए विवश होंगे। संघ ने शासन से जल्द सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की है।

# गोहद बाजार में शौचालय व्यवस्था ध्वस्त, जनता परेशान, प्रशासन बना मूकदर्शक

**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 29 मई।** नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालयों की बदहाल व्यवस्था अब लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन चुकी है। शहर के व्यस्ततम बाजारों और प्रमुख चौक-चौराहों पर या तो शौचालय हैं ही नहीं और जहां बने भी हैं वहां अधिकांश समय ताले लटके रहते हैं। नतीजा यह है कि महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे और बाहर से आने वाले राहगीर खुले में जाने को मजबूर हो रहे हैं।

नगर में स्वच्छता के बड़े-बड़े दावे करने वाला प्रशासन जमीन पर पूरी तरह फेल नजर आ रहा है। लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए सार्वजनिक शौचालय या तो जर्जर अवस्था में पहुंच चुके हैं या फिर देखरेख के अभाव में अनुपयोगी बने हुए हैं। बाजार क्षेत्र में आने वाले लोगों का कहना है कि नगर पालिका केवल कागजों में सफाई अभियान चला रही है, जबकि हकीकत में आम नागरिक मूलभूत सुविधा के लिए भटक रहे हैं।



अटल चौक पर बना सार्वजनिक शौचालय अधिकांश समय बंद रहता है। वहीं पशु अस्पताल के पास स्थित शौचालय की हालत इतनी खराब है कि वहां जाना भी लोगों के लिए जोखिम भरा है। टूटी दीवारें, गंदगी, पानी की कमी और बदबू के कारण लोग इसका उपयोग नहीं कर पा रहे। बाजार में खरीदारी करने आने वाली महिलाओं को सबसे अधिक दिक्कत उठानी पड़ रही है। कई महिलाओं ने बताया कि घंटों बाजार में रहने के बावजूद उन्हें कोई सुरक्षित और साफ शौचालय नहीं मिलता।

व्यापारियों का कहना है कि जब ग्राहक बाजार में आते हैं और शौचालय के बारे में पूछते हैं तो उनके पास कोई जवाब नहीं होता। इससे नगर की छवि भी खराब हो रही है। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि नगर पालिका के अधिकारी केवल बैठकों और दिखावटी निरीक्षणों तक सीमित हैं, लेकिन जमीनी समस्याओं से उनका कोई सरोकार नहीं है। स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर करोड़ों खर्च करने वाले जिम्मेदार अधिकारी शायद यह भूल चुके हैं कि स्वच्छता केवल दीवारों पर नारे लिख देने से नहीं आती, बल्कि लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने से आती है। विडंबना यह है कि प्रशासनिक अधिकारी वातानुकूलित कमरों में बैठकर शहर को 'स्वच्छ' बताने में व्यस्त हैं, जबकि आम जनता खुले में जाने को मजबूर है।

## नियमित जलापूर्ति देने के लिए पंचायत करसेना सक्रिय

**शिवपुरी, 29 मई।** जनपद पंचायत शिवपुरी की ग्राम पंचायत करसेना में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पंचायत लगातार प्रयासरत है। ग्राम पंचायत के सचिव बृजेश शर्मा एवं सरपंच विमला आदिवासी ने बताया कि गांव में पीएचई विभाग द्वारा निर्मित पानी की टंकी पंचायत को हैंडओवर होने के बाद से नियमित रूप से संचालित की जा रही है, जिससे ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि समय-समय पर तकनीकी खराबी और विद्युत फाल्ट की समस्या सामने आती रही है। इसी दौरान ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से जलापूर्ति प्रभावित हुई थी, लेकिन पंचायत ने तत्काल पहल करते हुए ट्रांसफार्मर की व्यवस्था कराकर विद्युत आपूर्ति बहाल कराई। इसके अलावा बिजली संबंधी फाल्ट के कारण कई बोरवेलों की मोटरें भी खराब हुईं, जिन्हें पंचायत द्वारा कई बार मरम्मत कराकर पुन: चालू कराया गया। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए उपलब्ध संसाधनों के अनुसार लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जलापूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाते रहेंगे।

# माहवारी स्वच्छता दिवस : जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## 93 किशोरियों एवं बालिकाओं ने लिया भाग



**भिंड, 29 मई।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं बालिकाओं को मासिक धर्म स्वच्छता, एनीमिया तथा स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों से जागरूक करना था। कार्यक्रम में 93 किशोरियों एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ. आर.एन. राजौरिया उपस्थित रहे। वहीं आरएमओ डॉ. निखिल अग्रवाल, अस्पताल प्रबंधक डॉ. साकेत चौरसिया, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला समन्वयक वीरेंद्र वर्मा, दंत चिकित्सक डॉ. सलोनी खंडेलवाल, आरबीएसके चिकित्सक डॉ. विनीता, मनकक्ष काउंसलर प्रीति विश्वकर्मा, आरबीएसके एएनएम सीमा कुशवाह, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की हेल्थ एंड वेलनेस एम्बेसडर मीनू सोनी, फैमिली प्लानिंग काउंसलर कुंती शर्मा, उमंग किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता धर्मवीर यादव एवं जिला चिकित्सालय के वार्डन धर्म सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**किशोरियों को वितरित किए गए सेनेटरी पैड एवं आईईसी सामग्री:** कार्यक्रम के दौरान सभी बालिकाओं को सेनेटरी पैड एवं आईईसी सामग्री वितरित की गई तथा मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सिविल सर्जन डॉ. आर.एन. राजौरिया ने किशोरियों को एनीमिया के प्रति जागरूक करते हुए संतुलित आहार, आयरन युक्त भोजन, आयरन फोलिक एसिड टेबलेट, नियमित व्यायाम एवं स्वास्थ्य जांच के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने माहवारी स्वच्छता, सेनेटरी पैड के सही उपयोग एवं उनके सुरक्षित निपटान के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की।

आरबीएसके चिकित्सक डॉ. विनीता ने बताया कि सामान्यत: 9 से 14 वर्ष की आयु के बीच किशोरियों में माहवारी की शुरुआत होती है। यह शारीरिक विकास एवं हार्मोनल परिवर्तन की स्वाभाविक प्रक्रिया है। उन्होंने माहवारी चक्र, शरीर में होने वाले बदलाव एवं महिलाओं के जीवन में इसकी महत्ता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किशोरी एवं महिलाओं को अपने जीवनकाल में लगभग 2100 दिन माहवारी से गुजरना पड़ता है, जो लगभग 6 वर्षों के बराबर होता है। यह प्रक्रिया महिलाओं को मातृत्व के लिए परिपक्व बनाती है।

## पेयजल व्यवस्था को लेकर लिए महत्वपूर्ण निर्णय

**शिवपुरी, 29 मई।** शहर में निर्बाध रूप से जल आपूर्ति एक समस्या बनी हुई है, जिसे लेकर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट लगातार व्यवस्था में सुधार के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने नगर पालिका सीएमओ को शहर में नियमित जलापूर्ति को लेकर निर्देश दिए हैं। शहर में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारियों के साथ आज बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने सभी जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा की और पेयजल व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। कलेक्टर श्री वर्मा ने जल संसाधन विभाग को चांदपाटा से माधव लेक में पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।


**CHANGED OF NAME**

I, **Rupa Devi** W/o **Sarvesh Singh** R/o Gram Bharaulikhurd Post Bharaulikhurd Tahseel Mehgaon Bhind Bhind Madhya Pradesh -47700. 1, have changed the name of my minor Daughter **Ashwani** aged 17 years and he shall hereafter be known as **Ashvini Kumari.** It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.